विज्ञापन सं. 05/2026

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद
अनुसंधान भवन, 2 रफी मार्ग, नई दिल्ली–110 001

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) को सीएसआईआर–केंद्रीय कांच एवं सिरामिक अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीजीसीआरआई), कोलकाता के लिए निदेशक की तलाश है।

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की स्थापना 1942 में हुई थी। यह विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के वैज्ञानिक और औद्योगिक अनुसंधान विभाग (डीएसआईआर) के अंतर्गत एक स्वायत्त अनुसंधान एवं विकास संगठन है। देश के एक प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संगठन होने के नाते, सीएसआईआर प्रारंभ से ही, अपने विभिन्न एसएंडटी और नवाचार–आधारित अंतराक्षेपों के माध्यम से तकनीकी–सामाजिक–आर्थिक विकास में योगदान देता रहा है। अपनी 37 अत्याधुनिक घटक प्रयोगशालाओं वाला सीएसआईआर आज दुनिया के सबसे बड़े सार्वजनिक रूप से वित्त पोषित नवोन्मेषी वैज्ञानिक और अनुसंधान संगठनों में से एक है। सीएसआईआर की विशेषज्ञता और अनुभव इसमें कार्यरत लगभग 3,500 वैज्ञानिकों और 4,000 वैज्ञानिक तथा तकनीकी सहायक कार्मिकों के अलावा, लगभग 9,000 जेआरएफ/एसआरएफ/आरए और परियोजना स्टाफ में समाहित है। सीएसआईआर प्रतिवर्ष पियर–रिव्यूड इंटरनेशल जर्नलों (एससीआई) में 5,000 से अधिक शोध–पत्र प्रकाशित करता है। वर्तमान में, सीएसआईआर के पास भारत में प्रभावी 1,371 यूनिक पेटेंट का एक पेटेंट पोर्टफोलियो है, जिनमें से 154 पेटेंट के लाइसेंस उद्योगों को सौपें जा चुके हैं। विभिन्न देशों में भी सीएसआईआर के पास 857 प्रदत्त और प्रभावी पेटेंट हैं।

शिमागो इंस्टीट्यूशंस रैंकिंग (एसआईआर) वर्ल्ड रिपोर्ट 2026 के अनुसार, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) को वैश्विक स्तर के 2,331 सरकारी संस्थानों में 101वां स्थान प्राप्त हुआ है, जिससे सीएसआईआर वैश्विक शीर्ष 200 सरकारी संस्थानों में शामिल होने वाला एकमात्र भारतीय संगठन बन गया है। एशिया में, सीएसआईआर को 797 सरकारी संगठनों के बीच अनुसंधान में 9वां और सामाजिक प्रभाव में 8वां स्थान प्राप्त हुआ है। राष्ट्रीय स्तर पर, सीएसआईआर भारत के सरकारी संस्थानों के बीच निरंतर पूरी तरह अपना प्रथम स्थान बनाए हुए है। सीएसआईआर ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के विभिन्न विषयों में प्रतिभाओं को तराशने और उन्हें पोषित करने के साथ–साथ भारत को ज्ञान अर्थव्यवस्था की ओर अग्रसर किया है। सीएसआईआर को यह गौरव प्राप्त है कि भारत के माननीय प्रधान मंत्री सीएसआईआर की सोसायटी के अध्यक्ष हैं। सीएसआईआर ने समय–समय पर अनेक प्रौद्योगिकियां विकसित की हैं और वर्तमान में आत्मनिर्भर भारत के राष्ट्र के स्वप्न को साकार करने के लिए अग्रणी भूमिका निभाते हुए विभिन्न अत्याधुनिक प्रोद्योगिकीय क्षेत्रों पर कार्य कर रहा है।

सीएसआईआर अपने प्रतिष्ठित संस्थान सीएसआईआर–केंद्रीय कांच एवं सिरामिक अनुसंधान संस्थान के प्रमुख पद हेतु उत्कृष्ट अनुसंधान एवं विकास संबंधी प्रोफेशनल की तलाश कर रहा है। यह विज्ञापन स्वीकार्य भत्तों सहित पे–मैट्रिक्स के लेवल 15 (रु. 1,82,200–2,24,100) में सीएसआईआर– केंद्रीय कांच एवं सिरामिक अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीजीसीआरआई), कोलकाता के निदेशक के पद के लिए है। इसका विवरण निम्नानुसार हैः

सीएसआईआर–केंद्रीय कांच एवं सिरामिक अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर–सीजीसीआरआई), कोलकाता की स्थापना 1950 में की गई थी। यह संस्थान वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) की पहली चार राष्ट्रीय प्रयोगशालाओं में से एक है। यह कांच एवं सिरामिक विज्ञान और प्रौद्योगिकी में मूल सक्षमता वाला एक ऐसा प्रमुख अनुसंधान एवं विकास संस्थान है जिसमें परंपरागत मटीरियल से लेकर उन्नत और रणनीतिक प्रौद्योगिकियों तक के अनुप्रयोग सम्मिलित हैं। स्वदेशी ऑप्टिकल ग्लास और ऑप्टिकल फाइबर में अपने अग्रणी योगदान के आधार पर, संस्थान उन्नत सिरेमिक और सम्मिश्र विशेषता और प्रकार्यात्मक कांच, फाइबर ऑप्टिक्स और फोटोनिक्स, ऊर्जा मटीरियल और डिवाइस, बायोमटीरियल्स और चिकित्सा उपकरणों, और मेम्ब्रेन तथा पृथकन प्रौद्योगिकियों में बहुविषयी अनुसंधान करता है। इसके प्रासंगिक अनुसंधान से महत्वपूर्ण राष्ट्रीय प्राथमिकताओं और रणनीतिक और वांतरिक्ष अनुप्रयोग, स्वास्थ्य सुरक्षा और पुनर्योजी औषध, स्वच्छ ऊर्जा, जल शोधन, पर्यावरण उपचार, संधारणीय सामग्री और औद्योगिक अपशिष्ट का मूल्यवर्धन का समाधान होता है। सीएसआईआर–सीजीसीआरआई प्रौद्योगिकीय विकास, उद्योग सहयोग, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और कौशल विकास के माध्यम से, राष्ट्रीय विकास और सामाजिक लाभ के लिए वैज्ञानिक प्रगति को नवोन्मेषी मटीरियल, उत्पादों और प्रक्रियाओं में परिवर्तित करने का प्रयास करता है।

प्रयोगशाला के बारे में अधिक जानकारी के लिए प्रयोगशाला की वेबसाइट http://www.cgcri.res.in देखें।

<u>अर्हताएं, अनुभव और आयु: –</u>

अनिवार्य अर्हताएं: प्राकृतिक विज्ञान में पीएचडी या इंजीनियरिंग में मास्टर डिग्री (इंजीनियरिंग के लिए, पीएचडी वांछनीय है)।

आयु: 45 वर्ष या उससे अधिक परंतु 56 वर्ष से अधिक नहीं।

अनुभव: प्रयोगशाला/संस्थानों/केंद्र की कार्य–क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास (अनुप्रयोगात्मक अनुसंधान पर विशेष ध्यान) में कम से कम 16 वर्षों का अनुभव और उसमें नेतृत्व में उत्कृष्टता का प्रदर्शन।

अनुभव के वर्षों की गणना उम्मीदवार के शोध संबंधी कार्यानुभव के प्रारंभ से की जाएगी।

छूट: असाधारण रूप से मेधावी उम्मीदवारों के मामले में महानिदेशक, सीएसआईआर के अनुमोदन से अर्हताओं, आयु और अनुभव में छूट दी जा सकती है।

उम्मीदवार: उम्मीदवार रचनात्मक, नवोन्मेषी तथा सुविख्यात वैज्ञानिक/प्रौद्योगिकीविद् होना चाहिए, जिसमें उत्कृष्ट पारस्परिक संबंधों के साथ–साथ बहुविषयी अनुसंधान एवं विकास टीमों का प्रबंधन करने की प्रदर्शित क्षमता हो। उम्मीदवार ने बौद्धिक संपदा और प्रकाशनों के सृजन के अतिरिक्त प्रौद्योगिकी विकास के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया होना चाहिए। उसे उच्च स्तरीय अनुसंधान एवं विकास को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल वातावरण सृजित करने में सक्षम होना चाहिए।

उत्तरदायित्व: निदेशक संस्थान के कार्मिकों पर प्रशासनिक नियंत्रण रखेंगे तथा उन्हें सुपरवाइज करेंगे और (i) संस्थान के मिशन को पूरा करने और (ii) सामाजिक/औद्योगिक प्राथमिकताओं के अनुरूप प्रयोगशाला/संस्थान के नवाचार

और उच्च स्तरीय अनुसंधान एवं विकास तथा अन्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अनुकूल वातावरण सृजित करने जैसे कार्यों के लिए उत्तरदायी होंगे।

नियुक्ति: निदेशक के पद पर नियुक्ति स्वीकार्य भत्तों सहित वेतन मैट्रिक्स के स्तर 15 (रु. 1,82,200 – 2,24,100) में छह वर्ष या अधिवर्षिता की आयु प्राप्त करने तक, जो भी पहले हो, की जाएगी। इस कार्यकाल की अवधि को केवल असाधारण मामलों में ही आगे बढ़ाया जा सकेगा। निदेशक को सीएसआईआर में निदेशक ग्रेड वैज्ञानिक अर्थात वैज्ञानिक एच/उत्कृष्ट वैज्ञानिक के रूप में नियमानुसार आमेलन/स्थानापन करने हेतु विचार किया जा सकता है।

लाभ: मौजूदा नियमों के अनुसार, बाह्य अनुबंध अनुसंधान एवं विकास, परामर्शी और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी सेवाओं से प्राप्त निधि को साझा करने का प्रावधान भी उपलब्ध है। आवास और परिवहन नियमानुसार दिया जाता है। इसके अतिरिक्त, चिकित्सा और अन्य सुविधाएं सीएसआईआर नियमों के अनुसार दी जाती हैं।

आवेदन कैसे करें: इस पद के लिए आवेदन/नामांकन, प्रकाशन/पेटेंट आदि की सूची पूर्ण बायो–डाटा जिसमें वैज्ञानिक और अनुप्रयोगात्मक योगदान के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया हो, के साथ ईमेल आईडी drc.hqrs@csir.res.in पर या निदेशक भर्ती प्रकोष्ठ, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर), अनुसंधान भवन, 2, रफी मार्ग, नई दिल्ली– 110001 पर डाक द्वारा भेजें। नीचे दिए गए प्रपत्र में एक संक्षिप्त बायो–डाटा भी भेजें। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि **30 नवंबर, 2026** है ।

जीवनवृत्त का प्रारूप

1. जिस प्रयोगशाला में आवेदननामांक/न किया गया है, उसका नाम:
2. नाम:
3. जन्म तिथि:
4. वर्तमान पद और पता:
5. शैक्षणिक अर्हताएं:
6.

क्र.सं.	डिग्री प्रमाण पत्र /	उत्तीर्ण होने का वर्ष	विश्वविद्यालय संस्थान /	विषय

7. शैक्षणिकरोजगार/अनुसंधान अनुभव/

क्र.सं.	से	तक	संगठन का नाम	धारित पद (पदनाम)

8. विशेषज्ञता के क्षेत्र:
9. प्राप्त सम्मान:मान्यताएं/पुरस्कार/
10. प्रोफेशनल संबद्धताएं:

11.

क) शोध प्रकाशनों की सूची, यदि कोई प्रचलित लेख हैं तो उन्हें भी शामिल करें,

ख) पिछले 10 वर्षों में सर्वश्रेष्ठ प्रोफेशनल परिणामों/आउटपुट की सूची जो विशेषज्ञता के वर्तमान क्षेत्र से प्रासंगिक हों,

ग) विशेषज्ञता के क्षेत्र में किए गए योगदान के मुख्य बिंदु:

12. * लेखक/संपादक के रूप में प्रकाशित पुस्तकों की संख्या:

13.

क) स्वीकृत/आवेदित पेटेंटों/कॉपीराइटों/ट्रेडमार्क/बौद्धिक संपदा अधिकारों की संख्या और अनुप्रयोगात्मक अनुसंधान योगदानों के मुख्य बिंदु:

ख) विकसित, अनुज्ञप्त और या/वाणिज्यिकृत की गई प्रौद्योगिकियों का विवरण।

14. निर्देशित शोध:प्रबंध–

क) पीएचडी

ख) स्नातकोत्तर

15. सीएसआईआर–सीजीसीआरआई के लीडर के रूप में आपके दृष्टिकोण का 1–2 पृष्ठ का सारांश

16. उच्च प्रतिष्ठा वाले 5 प्रोफेशनल रेफरीज की सूची जिनके साथ उम्मीदवार ने विगत में कार्य किया हो।

मैं एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ कि ऊपर उल्लिखित सभी सूचना मेरी सर्वोत्तम जानकारी के अनुसार सही है।

आवेदक के हस्ताक्षर

तिथि:

स्थान:

---

* विवरण अलग से संलग्न किए जा सकते हैं।

आवेदकों से यह भी अनुरोध है कि वे नीचे दिए गए प्रोफॉर्मा को वर्ड फ़ाइल फ़ॉर्मेट में भरकर जिन पदों के लिए आवेदन कर रहे हैं, उनके साथ इसे भेजें:

नाम, पता और जन्म तिथि	अर्हता और विशेषज्ञता	अनुभव (कालानुक्रमिक क्रम में)	सम्मान/ पुरस्कार	प्रकाशनोंपेटेंटों / आदि की संख्या	05 संदर्भकर्ताओं की सूची